# NCERT Solutions for Class 10 Hindi Sparsh Chapter 17

Page No 133:

Question 1:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए –

कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था?

Answer:

कर्नल कांलिज, वज़ीर अली को गिरफ़्तार करने के लिए जंगल में खेमा डाले बैठा था। पूरी फौज उसके साथ थी।

Question 2:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए –

वज़ीर अली से सिपाही क्यों तंग आ चुके थे?

Answer:

वज़ीर अली ने कई बरसों से अंग्रेज़ों की आँख में धूल झोंककर उनकी नाक में दम कर रखा था। इसलिए वे वज़ीर अली से तंग आ चुके थे।

Question 3:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए –

कर्नल ने सवार पर नज़र रखने के लिए क्यों कहा?

Answer:

कर्नल ने सवार पर नज़र रखने के लिए इसलिए कहा क्योंकि धूल के उड़ने से उसने अंदाज लगाया कि लोग ज़्यादा हैं और वज़ीर को ढूंढ़ रहे हैं।

Question 4:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए –

सवार ने क्यों कहा कि वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है?

Answer:

सवार खुद वज़ीर अली था जो कि बहुत बहादुर था और शत्रुओं को ललकार रहा था।

Question 1:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

वज़ीर अली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी?

Answer:

वज़ीर अली रॉबिनहुड की तरह साहसी, हिम्मतवाला और बहादुर था। वह भी रॉबिनहुड की तरह किसी को भी चकमा देकर भाग जाता था। वह अंग्रेज़ी सरकार की पकड़ में नहीं आ रहा था। कम्पनी के वकील को उसने मार डाला था। उसकी बहादुरी के किस्से सुनकर ही कर्नल को रॉबिनहुड की याद आती थी।

Question 2:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

सआदत अली कौन था? उसने वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा?

Answer:

सआदत अली वज़ीर अली का चाचा और नवाब आसिफउदौला का भाई था। जब तक आसिफउदौला के कोई सन्तान नहीं थी, सआदत अली की नवाब बनने की पूरी सम्भावना थी। इसलिए उसे वज़ीर अली की पैदाइश उसकी मौत लगी।

Question 3:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

सआदत अली को अवध के तख्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था?

Answer:

सआदत अली आराम पसंद अंग्रेज़ों का पिट्ठू था। अंग्रेज़ कर्नल को उसे तख्त पर बिठाने का मकसद अवध की धन सम्पत्ति पर अधिकार करना था। उसने अंग्रेज़ों को आधी सम्पत्ति और दस लाख रूपये दिए। इस तरह सआदत अली को गद्दी पर बैठने से उन्हें लाभ ही लाभ था।

Question 4:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

कंपनी के वकील का कत्ल करने के बाद वज़ीर अली ने अपनी हिफ़ाज़त कैसे की?

Answer:

कंपनी के वकील की हत्या करने के बाद वज़ीर अली आजमगढ़ भाग गया और वहाँ के नवाब ने उसकी सहायता की। उसे सुरक्षित घागरा पहुँचा दिया। तब से वह वहाँ के जंगलों में रहने लगा।

Question 5:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया?

Answer:

सवार, वज़ीर अली था। वह कर्नल के खेमे में कारतूस लेने आया था और बड़ी चतुराई से वज़ीर अली का कर्मचारी बनकर आया। जाते समय कर्नल ने नाम पूछा तो उसने वज़ीर अली बताया। वज़ीर अली को सामने देखकर कर्नल हक्का-बक्का रह गया।

Question 1:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

लेफ़्टीनेंट को ऐसा क्यों लगा कि कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है?

Answer:

लेफ़्टीनेंट को जब कर्नल ने बताया कि कंपनी के खिलाफ़ केवल वज़ीर अली ही नहीं बल्कि दक्षिण में टीपू सुल्तान, बंगाल में नवाब का भाई शमसुद्दौला भी है। इन्होंने अफ़गानिस्तान के बादशाह शाहेज़मा को आक्रमण के लिए निमत्रंण दिया है। यह सब देखकर लेफ़्टीनेंट को आभास हुआ कि कंपनी के खिलाफ़ पूरे हिन्दूस्तान में लहर दौड़ गई है।

Question 2:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया?

Answer:

वज़ीर अली को उसके नवाबी पद से हटा दिया गया और बनारस भेज दिया गया। फिर कलकत्ता बुलाया तो वज़ीर अली ने कंपनी के वकील, जोकि बनारस में रहता था, उससे शिकायत की परन्तु उसने शिकायत सुनने की जगह खरीखोटी सुनाई। इस पर वज़ीर अली को गुस्सा आ गया और उसने वकील का कत्ल कर दिया।

Question 3:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए?

Answer:

वज़ीर अली अकेला ही घोड़े पर सवार होकर अंग्रेज़ों के खेमे में पहुँच गया और कर्नल को दिखाया कि वह भी वज़ीर अली के खिलाफ़ है। उसने कर्नल से अकेले में मिलने के लिए कहा। कर्नल मान गया और वज़ीर अली के दस कारतूस माँगने पर उसने दे दिए परन्तु जाते-जाते अपना नाम बता गया जिससे कर्नल हक्का-बक्का रह गया।

Question 4:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

Answer:

वज़ीर अली को अंग्रेज़ों ने अवध के तख्ते से हटा दिया पर उसने हिम्मत नहीं हारी। वज़ीफे की रकम में मुश्किल डालने वाले कंपनी के वकील की भी हत्या कर दी। अंग्रेज़ों को महीनों दौड़ाता रहा परन्तु फिर भी हाथ नहीं आया। अंग्रेज़ों के खेमे में अकेले ही पहुँच गया, कारतूस भी ले आया और अपना सही नाम भी बता गया। इस तरह वह एक जाँबाज़ सिपाही था।

Page No 134:

Question 1:

निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए –

मुट्ठीभर आदमी और इतना दमखम।

Answer:

इस पंक्ति में वज़ीर अली के साहस और वीरता का परिचय है। वह थोड़े से सैनिकों के साथ जंगल में रह रहा था। अंग्रेज़ों की पूरी फ़ौज उसका पीछा कर रही थी फिर भी उसे पकड़ नहीं पाई।

Question 2:

निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए –

गर्द तो ऐसे उड़ रही है जैसे कि पूरा एक काफ़िला चला आ रहा हो मगर मुझे तो एक ही सवार नज़र आता है।

Answer:

यह कथन लेफ़्टीनेंट का है। जब वज़ीर अली अंग्रेज़ों के खेमे में अकेला ही आ रहा था परन्तु इतनी तेज़ी से आ रहा था, इतनी धूल उड़ रही थी कि मानों कई सैनिक आ रहे हो, पूरा एक काफ़िला आ रहा हो। लेफ़्टीनेंट कहता है सैनिक तो एक ही नज़र आ रहा है।

Question 1:

निम्नलिखित शब्दों का एक-एक पर्याय लिखिए –

खिलाफ़, पाक, उम्मीद, हासिल, कामयाब, वजीफ़ा, नफ़रत, हमला, इंतेज़ार, मुमकिन।

Answer:

| | | |
|---|---|---|
| खिलाफ़ | – | विरूद्ध |
| पाक | – | पवित्र |
| उम्मीद | – | आशा |
| हासिल | – | प्राप्त |
| कामयाब | – | सफल |
| वजीफ़ा | – | छात्रवृति |
| नफ़रत | – | घृणा |
| हमला | – | आक्रमण |
| इंतेज़ार | – | प्रतीक्षा |
| मुमकिन | – | संभव |

Question 2:

निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

आँखों में धूल झोंकना, कूट-कूट कर भरना, काम तमाम कर देना, जान बख्श देना, हक्का बक्का रह जाना।

Answer:

(क) आँखों में धूल झोंकना – कातिल कत्ल करने के बाद इतनी सफ़ाई से भागे कि सिपाहियों की आँखों में धूल झोंक दी।

(ख) कूट-कूट कर भरना – झाँसी की रानी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी।

(ग) काम तमाम कर देना – बिल्ली ने चूहे का काम तमाम कर दिया।

(घ) जान बख्श देना – देश के दुशमनों की जान नहीं बख्शनी चाहिए।

(ङ) हक्का-बक्का रह जाना – अचानक चाचाजी को सामने देखकर सब हक्के-बक्के रह गए।

Question 3:

कारक वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया के साथ संबंध बताता है। निम्नलिखित वाक्यों में कारकों को रेखांकित कर उनके नाम लिखिए –

(क) जंगल की ज़िंदगी बड़ी खतरनाक होती है।

(ख) कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई।

(ग) वज़ीर को उसके पद से हटा दिया गया।

(घ) फ़ौज के लिए कारतूस की आवश्यकता थी।

(ङ) सिपाही घोड़े पर सवार था।

Answer:

(क) जंगल की ज़िंदगी बड़ी खतरनाक होती है।

संबंध कारक

(ख) कंपनी के खिलाफ़ सारे हिन्दुस्तान में एक लहर दौड़ गई।

संबंध कारक, अधिकरण कारक

(ग) वज़ीर को उसके पद से हटा दिया गया।

कर्म कारक, अपादान कारक

(घ) फ़ौज के लिए कारतूस की आवश्यकता थी।

सप्रंदान कारक, संबंध कारक

(ङ) सिपाही घोड़े पर सवार था।

अधिकरण कारक

Question 4:

क्रिया का लिंग और वचन सामान्यत: कर्ता और कर्म के लिंग और वचन के अनुसार निर्धारित होता है। वाक्य में कर्ता और कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार जब क्रिया के लिंग, वचन आदि में परिवर्तन होता है तो उसे अन्विति कहते हैं।

क्रिया के लिंग, वचन में परिवर्तन तभी होता है जब कर्ता या कर्म परसर्ग रहित हों;

जैसे – सवार कारतूस माँग रहा था। (कर्ता के कारण)

सवार ने कारतूस माँगे। (कर्म के कारण)

कर्नल ने वज़ीर अली को नहीं पहचाना। (यहाँ क्रिया कर्ता और कर्म के भी कारण प्रभावित नहीं है)

अत: कर्ता और कर्म के परसर्ग सहित होने पर क्रिया कर्ता और कर्म में से किसी के भी लिंग और वचन से प्रभावित नहीं होती और वह एकवचन पुल्लिंग में ही प्रयुक्त होती है।

नीचे दिए गए वाक्यों में 'ने' लगाकर उन्हें दुबारा लिखिए –

(क) घोड़ा पानी पी रहा था।

(ख) बच्चे दशहरे का मेला देखने गए।

(ग) रॉबिनहुड गरीबों की मदद करता था।

(घ) देशभर के लोग उसकी प्रशंसा कर रहे थे।

Answer:

(क) घोड़े ने पानी पिया।

(ख) बच्चों ने दशहरे का मेला देखा।

(ग) रॉबिनहुड ने गरीबों की मद्द की।

(घ) देशभर के लोगों ने उसकी प्रशंसा की।

Page No 135:

Question 5:

निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए –

(क) कर्नल ने कहा सिपाहियों इस पर नज़र रखो ये किस तरफ़ जा रहा है

(ख) सवार ने पूछा आपने इस मकाम पर क्यों खेमा डाला है इतने लावलश्कर की क्या ज़रूरत है

(ग) खेमे के अंदर दो व्यक्ति बैठे बाते कर रहे थे चाँदनी छिटकी हुई थी और बाहर सिपाही पहरा दे रहे थे एक व्यक्ति कह रहा था दुशमन कभी भी हमला कर सकता है

Answer:

(क) कर्नल ने कहा, "सिपाहियों इस पर नज़र रखो ये किस तरफ़ जा रहा है?"

(ख) सवार ने पूछा, "आपने इस मकाम पर क्यों खेमा डाला है? इतने लावलशकर की क्या ज़रूरत है?"

(ग) खेमे के अंदर दो व्यक्ति बैठे बातें कर रहे थे। चाँदनी छिटकी हुई थी और बाहर सिपाही पहरा दे रहे थे। एक व्यक्ति कह रहा था, "दुश्मन कभी भी हमला कर सकता है।"

Page No 133:

Question 1:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए –

कर्नल कालिंज का खेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था?

Answer:

कर्नल कांलिज, वज़ीर अली को गिरफ़्तार करने के लिए जंगल में खेमा डाले बैठा था। पूरी फौज उसके साथ थी।

Question 2:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए –

वज़ीर अली से सिपाही क्यों तंग आ चुके थे?

Answer:

वज़ीर अली ने कई बरसों से अंग्रेज़ों की आँख में धूल झोंककर उनकी नाक में दम कर रखा था। इसलिए वे वज़ीर अली से तंग आ चुके थे।

Question 3:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए –

कर्नल ने सवार पर नज़र रखने के लिए क्यों कहा?

Answer:

कर्नल ने सवार पर नज़र रखने के लिए इसलिए कहा क्योंकि धूल के उड़ने से उसने अंदाज लगाया कि लोग ज़्यादा हैं और वज़ीर को ढूंढ़ रहे हैं।

Question 4:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए –

सवार ने क्यों कहा कि वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है?

Answer:

सवार खुद वज़ीर अली था जो कि बहुत बहादुर था और शत्रुओं को ललकार रहा था।

Question 1:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

वज़ीर अली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी?

Answer:

वज़ीर अली रॉबिनहुड की तरह साहसी, हिम्मतवाला और बहादुर था। वह भी रॉबिनहुड की तरह किसी को भी चकमा देकर भाग जाता था। वह अंग्रेज़ी सरकार की पकड़ में नहीं आ रहा था। कम्पनी के वकील को उसने मार डाला था। उसकी बहादुरी के किस्से सुनकर ही कर्नल को रॉबिनहुड की याद आती थी।

Question 2:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

सआदत अली कौन था? उसने वज़ीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों समझा?

Answer:

सआदत अली वज़ीर अली का चाचा और नवाब आसिफउदौला का भाई था। जब तक आसिफउदौला के कोई सन्तान नहीं थी, सआदत अली की नवाब बनने की पूरी सम्भावना थी। इसलिए उसे वज़ीर अली की पैदाइश उसकी मौत लगी।

Question 3:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

सआदत अली को अवध के तख्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था?

Answer:

सआदत अली आराम पसंद अंग्रेज़ों का पिट्ठू था। अंग्रेज़ कर्नल को उसे तख्त पर बिठाने का मकसद अवध की धन सम्पत्ति पर अधिकार करना था। उसने अंग्रेज़ों को आधी सम्पत्ति और दस लाख रूपये दिए। इस तरह सआदत अली को गद्दी पर बैठने से उन्हें लाभ ही लाभ था।

Question 4:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

कंपनी के वकील का कत्ल करने के बाद वज़ीर अली ने अपनी हिफ़ाज़त कैसे की?

Answer:

कंपनी के वकील की हत्या करने के बाद वज़ीर अली आजमगढ़ भाग गया और वहाँ के नवाब ने उसकी सहायता की। उसे सुरक्षित घागरा पहुँचा दिया। तब से वह वहाँ के जंगलों में रहने लगा।

Question 5:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए –

सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया?

Answer:

सवार, वज़ीर अली था। वह कर्नल के खेमे में कारतूस लेने आया था और बड़ी चतुराई से वज़ीर अली का कर्मचारी बनकर आया। जाते समय कर्नल ने नाम पूछा तो उसने वज़ीर अली बताया। वज़ीर अली को सामने देखकर कर्नल हक्का-बक्का रह गया।

Question 1:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

लेफ़्टीनेंट को ऐसा क्यों लगा कि कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई है?

Answer:

लेफ़्टीनेंट को जब कर्नल ने बताया कि कंपनी के खिलाफ़ केवल वज़ीर अली ही नहीं बल्कि दक्षिण में टीपू सुल्तान, बंगाल में नवाब का भाई शमसुद्दौला भी है। इन्होंने अफ़गानिस्तान के बादशाह शाहेज़मा को आक्रमण के लिए निमत्रंण दिया है। यह सब देखकर लेफ़्टीनेंट को आभास हुआ कि कंपनी के खिलाफ़ पूरे हिन्दूस्तान में लहर दौड़ गई है।

Question 2:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया?

Answer:

वज़ीर अली को उसके नवाबी पद से हटा दिया गया और बनारस भेज दिया गया। फिर कलकत्ता बुलाया तो वज़ीर अली ने कंपनी के वकील, जोकि बनारस में रहता था, उससे शिकायत की परन्तु उसने शिकायत सुनने की जगह खरीखोटी सुनाई। इस पर वज़ीर अली को गुस्सा आ गया और उसने वकील का कत्ल कर दिया।

Question 3:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

सवार ने कर्नल से कारतूस कैसे हासिल किए?

Answer:

वज़ीर अली अकेला ही घोड़े पर सवार होकर अंग्रेज़ों के खेमे में पहुँच गया और कर्नल को दिखाया कि वह भी वज़ीर अली के खिलाफ़ है। उसने कर्नल से अकेले में मिलने के लिए कहा। कर्नल मान गया और वज़ीर अली के दस कारतूस माँगने पर उसने दे दिए परन्तु जाते-जाते अपना नाम बता गया जिससे कर्नल हक्का-बक्का रह गया।

Question 4:

निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

Answer:

वज़ीर अली को अंग्रेज़ों ने अवध के तख्ते से हटा दिया पर उसने हिम्मत नहीं हारी। वज़ीफे की रकम में मुश्किल डालने वाले कंपनी के वकील की भी हत्या कर दी। अंग्रेज़ों को महीनों दौड़ाता रहा परन्तु फिर भी हाथ नहीं आया। अंग्रेज़ों के खेमे में अकेले ही पहुँच गया, कारतूस भी ले आया और अपना सही नाम भी बता गया। इस तरह वह एक जाँबाज़ सिपाही था।

Page No 134:

Question 1:

निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए –

मुट्ठीभर आदमी और इतना दमखम।

Answer:

इस पंक्ति में वज़ीर अली के साहस और वीरता का परिचय है। वह थोड़े से सैनिकों के साथ जंगल में रह रहा था। अंग्रेज़ों की पूरी फ़ौज उसका पीछा कर रही थी फिर भी उसे पकड़ नहीं पाई।

Question 2:

निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए –

गर्द तो ऐसे उड़ रही है जैसे कि पूरा एक काफ़िला चला आ रहा हो मगर मुझे तो एक ही सवार नज़र आता है।

Answer:

यह कथन लेफ़्टीनेंट का है। जब वज़ीर अली अंग्रेज़ों के खेमे में अकेला ही आ रहा था परन्तु इतनी तेज़ी से आ रहा था, इतनी धूल उड़ रही थी कि मानों कई सैनिक आ रहे हो, पूरा एक काफ़िला आ रहा हो। लेफ़्टीनेंट कहता है सैनिक तो एक ही नज़र आ रहा है।

Question 1:

निम्नलिखित शब्दों का एक-एक पर्याय लिखिए –

खिलाफ़, पाक, उम्मीद, हासिल, कामयाब, वजीफ़ा, नफ़रत, हमला, इंतेज़ार, मुमकिन।

Answer:

| | | |
|---|---|---|
| खिलाफ़ | – | विरूद्ध |
| पाक | – | पवित्र |
| उम्मीद | – | आशा |
| हासिल | – | प्राप्त |
| कामयाब | – | सफल |
| वजीफ़ा | – | छात्रवृति |
| नफ़रत | – | घृणा |
| हमला | – | आक्रमण |
| इंतेज़ार | – | प्रतीक्षा |
| मुमकिन | – | संभव |

Question 2:

निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

आँखों में धूल झोंकना, कूट-कूट कर भरना, काम तमाम कर देना, जान बख्श देना, हक्का बक्का रह जाना।

Answer:

(क) आँखों में धूल झोंकना – कातिल कत्ल करने के बाद इतनी सफ़ाई से भागे कि सिपाहियों की आँखों में धूल झोंक दी।

(ख) कूट-कूट कर भरना – झाँसी की रानी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी।

(ग) काम तमाम कर देना – बिल्ली ने चूहे का काम तमाम कर दिया।

(घ) जान बख्श देना – देश के दुशमनों की जान नहीं बख्शनी चाहिए।

(ङ) हक्का-बक्का रह जाना – अचानक चाचाजी को सामने देखकर सब हक्के-बक्के रह गए।

Question 3:

कारक वाक्य में संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया के साथ संबंध बताता है। निम्नलिखित वाक्यों में कारकों को रेखांकित कर उनके नाम लिखिए –

(क) जंगल की ज़िंदगी बड़ी खतरनाक होती है।

(ख) कंपनी के खिलाफ़ सारे हिंदुस्तान में एक लहर दौड़ गई।

(ग) वज़ीर को उसके पद से हटा दिया गया।

(घ) फ़ौज के लिए कारतूस की आवश्यकता थी।

(ङ) सिपाही घोड़े पर सवार था।

Answer:

(क) जंगल की ज़िंदगी बड़ी खतरनाक होती है।

संबंध कारक

(ख) कंपनी के खिलाफ़ सारे हिन्दुस्तान में एक लहर दौड़ गई।

संबंध कारक, अधिकरण कारक

(ग) वज़ीर को उसके पद से हटा दिया गया।

कर्म कारक, अपादान कारक

(घ) फ़ौज के लिए कारतूस की आवश्यकता थी।

सप्रंदान कारक, संबंध कारक

(ङ) सिपाही घोड़े पर सवार था।

अधिकरण कारक

Question 4:

क्रिया का लिंग और वचन सामान्यत: कर्ता और कर्म के लिंग और वचन के अनुसार निर्धारित होता है। वाक्य में कर्ता और कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार जब क्रिया के लिंग, वचन आदि में परिवर्तन होता है तो उसे अन्विति कहते हैं।

क्रिया के लिंग, वचन में परिवर्तन तभी होता है जब कर्ता या कर्म परसर्ग रहित हों;

जैसे – सवार कारतूस माँग रहा था। (कर्ता के कारण)

सवार ने कारतूस माँगे। (कर्म के कारण)

कर्नल ने वज़ीर अली को नहीं पहचाना। (यहाँ क्रिया कर्ता और कर्म के भी कारण प्रभावित नहीं है)

अत: कर्ता और कर्म के परसर्ग सहित होने पर क्रिया कर्ता और कर्म में से किसी के भी लिंग और वचन से प्रभावित नहीं होती और वह एकवचन पुल्लिंग में ही प्रयुक्त होती है।

नीचे दिए गए वाक्यों में 'ने' लगाकर उन्हें दुबारा लिखिए –

(क) घोड़ा पानी पी रहा था।

(ख) बच्चे दशहरे का मेला देखने गए।

(ग) रॉबिनहुड गरीबों की मदद करता था।

(घ) देशभर के लोग उसकी प्रशंसा कर रहे थे।

Answer:

(क) घोड़े ने पानी पिया।

(ख) बच्चों ने दशहरे का मेला देखा।

(ग) रॉबिनहुड ने गरीबों की मद्द की।

(घ) देशभर के लोगों ने उसकी प्रशंसा की।

Page No 135:

Question 5:

निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए –

(क) कर्नल ने कहा सिपाहियों इस पर नज़र रखो ये किस तरफ़ जा रहा है

(ख) सवार ने पूछा आपने इस मकाम पर क्यों खेमा डाला है इतने लावलश्कर की क्या ज़रूरत है

(ग) खेमे के अंदर दो व्यक्ति बैठे बाते कर रहे थे चाँदनी छिटकी हुई थी और बाहर सिपाही पहरा दे रहे थे एक व्यक्ति कह रहा था दुशमन कभी भी हमला कर सकता है

Answer:

(क) कर्नल ने कहा, "सिपाहियों इस पर नज़र रखो ये किस तरफ़ जा रहा है?"

(ख) सवार ने पूछा, "आपने इस मकाम पर क्यों खेमा डाला है? इतने लावलशकर की क्या ज़रूरत है?"

(ग) खेमे के अंदर दो व्यक्ति बैठे बातें कर रहे थे। चाँदनी छिटकी हुई थी और बाहर सिपाही पहरा दे रहे थे। एक व्यक्ति कह रहा था, "दुश्मन कभी भी हमला कर सकता है।"